माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)
MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION
(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

क्रं/अकादमिक/2026/2459 भोपाल,दिनांक 24 /09/2026

# विज्ञापन

विषय:- माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में लोकपाल (Ombudsperson) के पद पर नियुक्ति संबंधी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2023 के प्रावधानुसार माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में छात्रों की शिकायतों के निराकरण के लिए लोकपाल (Ombudsperson) के पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

- पात्रता एवं अनुभव:- सेवानिवृत्त कुलगरू या सेवानिवृत्त प्रोफेसर (जिन्होनें अधिष्ठाता (डीन)/विभाग प्रमुख के रूप में काम किया गया हो) जिनके पास राज्य /केन्द्रीय विश्वविद्यालयों /राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों/सम विश्वविद्यालयों या पूर्व जिले में न्यायाधीश के रूप में दस वर्ष का कार्यानुभव रहा हो।
- कार्यकाल:- लोकपाल (Ombudsperson) अंशकालीक अधिकारी के रूप में जिसे तीन वर्ष के लिए अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक इनमें से कार्यभार संभालने की तिथि से जो भी पहले हो, नियुक्त किया जायेगा। विश्वविद्यालय में उसे एक और कार्यकाल के लिए भी पुर्ननियुक्ति के लिए पात्रता होगी।
- शुल्क:- लोकपाल को यात्रा व्यय पूर्ति के अतिरिक्त सुनवाई के लिए प्रतिदिन रूपये 3000/- का शुल्क देय होगा, जोकि विश्वविद्यालय द्वारा दिया जायेगा।
- शर्तें:- अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक **11/04/2023** के अनुसार होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mcu.ac.in पर देखा जा सकता है।

आवेदक द्वारा आवेदन पत्र रजिस्टर्ड /स्पीड पोस्ट/ई-मेल के माध्यम से कुलसचिव, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय बिशनखेडी, भोपाल 462044 पर प्रेषित की जा सकेगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **14/10/2026** तक है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपात्र /अपूर्ण /त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mcu.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

(प्रो. पी. शशिकला)
प्रभारी कुलसचिव